ADITYA BIRLA
HINDALCO

दिनांक : **19.05.2025**

**सेवा में,**

**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**रेनुकूट वन प्रभाग,**
**रेनुकूट–सोनभद्र।**

**विषय :** जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग अन्तर्गत रेनुसागर से हिण्डालको संस्थान तक 132 के0वी0 विद्युत ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण हेतु मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 को 25 वर्षों हेतु (दि0 15.10.1996 से दि0 14.10.2021 तक) लीज पर हस्तान्तरित 52.9666हे0 वन भूमि के लीज को आगामी 25 वर्षों हेतु (दिनांक 15.10.2021 से 14.10.2046 तक) नवीनीकरण किये जाने के सम्बन्ध में।
**Online Proposal No. FP/UP/TRANS/41830/2019**

**संदर्भ :**
1. सहायक वन महानिरीक्षक (केन्द्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का पत्रांक 8B/UP/04/32/2022/F.C./172 दिनांक 30.01.2025
2. कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 2088/11–सी–FP/UP/TRANS/41830/2019 दिनांक 31.01.2025
3. आपका पत्रांक 2808/रेनुकूट/15–27 दिनांक 18.02.2025

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में अपने संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें । आपके संदर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराना है कि दिनांक 29.04.2025 को संस्थान के प्रतिनिधि श्री अनुज कुमार सिंह द्वारा अनपरा रेंज कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क किया गया।

भारत सरकार (MoEF) द्वारा प्रकरण में इंगित कमियों के निराकरण हेतु प्रयोक्ता अभिकरण के स्तर से कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। आपके आदेशानुसार प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा कमियों के निराकरण हेतु कृत कार्यवाही बिन्दुवार निम्नवत् है –

**बिन्दु संख्या 1 से 3 तक:** क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिये पूर्व में चयनित वन क्षेत्रों में से आपत्ति लगाये गये क्षेत्रों के स्थान पर अन्य वन क्षेत्रों के चयन हेतु अनपरा वन रेंज के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ संस्थान के प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 29.04.2025 को संयुक्त रूप से अनपरा रेंज के अन्तर्गत अन्य वन क्षेत्रों का अवलोकन किया गया, जो वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त परिलक्षित हुए।

**बिन्दु संख्या 4:** नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित वन क्षेत्र में पातन हेतु वृक्षों की संख्या (जो कि शून्य है) से सम्बन्धित है, जिसमें हिण्डालको संस्थान के स्तर से कोई कार्यवाही अपेक्षित/लम्बित नहीं है।

अतः श्रीमान् जी से अनुरोध है कि विषयांकित प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,

कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

(विवेक कुमार)
हेड–लीगल